जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/992 दिनांक : 26.09.2020

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अंतिम अवसर

विषयः- सत्र 2019-20 के स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष (बी.ए. बी.कॉम. बी.एससी, बी0एससी होमसाइंस) तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर एम.ए, एम.कॉम, एम.एससी.,एम.एससी होम साइंस के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों (नवीन/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी एवं पूरक परीक्षार्थियों) के आंतरिक मूल्यांकन (असाइनमेंट) के अंक अपडेट करने हेतु अंतिम सूचना।

सन्दर्भ :- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 एवं म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 237/236 दिनांक 09.09.2020।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत निर्देशानुसार लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग (मंत्रालय) के उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं को संपादित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। शासन के उपरोक्त दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में स्नातक प्रथम/द्वितीय एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के नियमित/स्वाध्यायी के परीक्षार्थियों जिनका परीक्षा परिणाम असाइनमेंट/आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर घोषित किये जाना है। ऐसे समस्त पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम दिनांक 30.09.2020 तक घोषित किये जाना है।

परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु एम0पी0 ऑनलाइन द्वारा प्रदत्त डाटा अनुसार कुछ महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के असाइनमेंट/आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट नहीं किये गये है। जिसके कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में बिलंब हो रहा है।

अतः उक्त संबध में समस्त महाविद्यालय प्राचार्यो को अंतिम अवसर के रूप में सूचित किया जाता है कि, आप शेष परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट के अंक दिनांक **28.09.2020** तक आवश्यक रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नहीं किये जावेगे।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. समस्त उप/सहा. कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)